SALZBURG
GLOBAL
SEMINAR
*75th Anniversary*

# स्कूली परिसर को और अधिक हरा भरा बनाने और बाह्य शैक्षणिक क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के पक्ष में साल्ज़बर्ग का कथन

जलवायु की गुणवत्ता में वृद्धि और स्वास्थ्य एवं शिक्षण के परिणामों में सुधारने के लिए स्कूली परिसर को और अधिक हरा भरा बनाने को बढ़ावा देने हेतु एक सुचिंतित और विचारशील दृष्टिकोण के साथ दुनिया भर में सकारात्मक सोंच की वृद्धि हो रही है। खासकर उन लोगों के लिए जो असमानता और पारिस्थितिक अन्यायों से अधिक प्रभावित हैं। वैज्ञानिक प्रमाणों से पता चलता है कि स्कूली मैदानों को प्रकृति-समृद्ध वातावरण में परिवर्तित करना एक ऐसा शक्तिशाली उपकरण है, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक और संज्ञानात्मक कौशल, रचनात्मकता और अकादमिक निष्पादन में वृद्धि होती है। स्कूल के मैदान में खेलने, सीखने और बढ़ने की क्षमता से बच्चों और युवाओं को प्रकृति से जुड़ने और इसके बदले में प्रकृति और इसके प्रणियों का संरक्षण करने में सहायता मिलती है, जो कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए आवश्यक है।

हम दृढ़ता के साथ सिफारिश करते हैं कि स्कूल के मैदानों को और अधिक हरा-भरा बनाने और बाह्य शैक्षणिक क्रियाकलापों को लागू किया जाना चाहिए तथा इसके लिए संसाधन उपलब्ध करवाने के साथ-साथ इस कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार-प्रयार और विस्तार किया जाना चाहिए, जिनका प्रमुख कारण इसप्रकार हैं :




## खेलकूद

हरे-भरे स्कूली मैदानों से बेहतर गुणवत्ता वाले बाह्य खेल कूद के लिए सहायता मिलती है

- प्रकृति आधारित बाह्य खेल कूद जिज्ञासा, रचनात्मकता, सहयोग की भावना और आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद करता है, जो एक सफल व खुशहाल जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।
- बाह्य खेल कूद से एकाग्र चित्त और लक्ष्य निर्धारण के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक सहनशक्ति में विकास में भी सहायता मिलती है।
- शहरों में मैदानों की कमी के कारण, हरे-भरे स्कूली मैदान शहरी समुदायों को प्रकृति से जुड़ने और खुले में खेलने के लिए स्थान प्रदान करता है।
- बच्चे बाह्य खेल कूद की ओर अधिक सक्रिय होते हैं। बाह्य खेल कूद से स्वास्थ्य परिणामों में सुधार होती है और बच्चों में बैठे रहने की आदत कम होने लगती है।

### स्कूली परिसर को और अधिक हरा भरा बनाने और बाह्य शैक्षणिक क्रियाकलापों को बढ़ावा देने पर वैश्विक अध्ययन संबंधी परियोजना

स्कूली परिसर को और अधिक हरा भरा बनाने और बाह्य शैक्षणिक क्रियाकलापों को बढ़ावा देने पर वैश्विक अध्ययन संबंधी परियोजना, तथ्यात्मक रणनीतियों की पहचान करने और स्कूली परिसरों को हरा भरा बनाने के पक्ष में विश्वव्यापी आंदोलन के प्रति हमारी सूझ बूझ को और व्यापक बनाने के लिए ऐसे वैश्विक नेताओं और पेशेवरों को काम पर लगा रही है जो समान विचार वाले संगठनों और व्यक्तियों का नेटवर्क बनाने में सक्षम हो।

१८ वर्षों की अवधि के दौरान द चिल्ड्रन एंड नेचर नेटवर्क ने साल्ज़बर्ग ग्लोबल सेमिनार, द इंटरनेशनल स्कूल ग्राउंड एलाइंस, इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर, # नेचर फॉर ऑल एंड नेशनल लीग ऑफ़ सिटीज इंस्टीट्यूट फॉर यूथ एजुकेशन एंड फैमिली के साथ साझेदारी में पूरी दुनिया से सफल तौर तरीके से पहचान करके उन्हें प्रचारित और प्रसारित किया है। ताकि हमें जटिल और परस्पर उलझी हुई समस्याओं के समाधान में एक समाज के रूप में हमें महत्वपूर्ण प्रगति हासिल करने में मदद मिल सके और उससे हम प्रभावित हो सके।

स्कूली परिसर को और अधिक हरा भरा बनाने और बाह्य शैक्षणिक क्रियाकलापों को बढ़ावा देने पर ऑनलाइन कार्यक्रम में भाग लेने वाले शोध छात्रों ने स्कूली मैदानों और बाह्य शैक्षणिक अवसरों को सुगम्य बनाने वाले सोंच, नीति और दृष्टिकोण को प्रभावित करने के लिए यह सकारात्मक मंतव्य विकसित किया है। इससे उस वैश्विक कार्यसूची को लागू करने में मदद मिलेगी जिसे हरित स्कूली परिसर और बाह्य शैक्षणिक कार्यक्रमों तक सभी बच्चों और समुदाय की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## शिक्षा

हरे-भरे स्कूली मैदानों से विद्यार्थियों और शिक्षकों को कई सकारात्मक शिक्षा परिणामों में मदद मिलती है

- बाह्य शैक्षणिक क्रियाकलाप, सहानुभूति जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक भावनात्मक शिक्षा (एसईएल) कौशल के विकास को समर्थन प्रदान करता है और आत्मसंयम, दूसरों की देखभाल, और स्वाध्याय व स्व-दिशा निर्देशित पठन को बढ़ावा देते हुए दूसरों को तंग करने की प्रवृत्ति को कम करता है।
- अधिक से अधिक समय प्रकृति के साथ बिताने पर समस्या सुलझाने की क्षमता, एकाग्र चित्त, लंबे समय तक ध्यान केंद्रीत करने और कार्यकारी कार्य कौशल को विकसित करने में मदद मिलती है।
- बाह्य शैक्षणिक क्रियाकलाप एक सैद्धांतिक जीवन-सार को समझने और व्यावहारिक रूप से सीखने पर जोर देती है।
- प्रकृति आधारित बाह्य शैक्षणिक क्रियाकलाप के परिणामस्वरूप बेहतर सामाजिक कौशल और धरती के संरक्षण में योगदान देने के साथ उच्च शैक्षणिक उपलब्धि प्राप्त करने में सहायता मिलती है।
- प्रकृति के साथ अधिक समय बिताने से बाह्य शैक्षणिक क्रियाकलाप, शिक्षकों के मानसिक और शारीरिक स्वस्थ्यता बनाए रखने में मदद करता है।

## जलवायु की गुणवत्ता में सुधार और जैव विविधता

स्कूली परिसर को और अधिक हरा भरा बनाने से उद्देश्यपूर्ण डिजाइन के माध्यम से जलवायु की गुणवत्ता में सुधार और जैव विविधता को बढ़ाया जा सकता है

- अच्छी तरह से डिज़ाइन किये गये हरे-भरे स्कूली मैदानों से जैव विविधता को समर्थन मिलता है और प्राकृतिक वनस्पति और जीव जगत को पनपने के लिए स्थान प्रदान करके जैव विविधता की हानि (स्थानीय प्रजातियों का उपयोग करके) को रोकता है।
- स्थानीय ताप द्वीप प्रभाव को कम किया जा सकता है और छाया और वाष्पीकरणीय शीतलन के लिए पौधे लगाकर धरती के अभेद्य कठोर सतहों को कम करके वर्षा जल को एकत्र किया जा सकता है।
- हरे-भरे स्कूली मैदान स्थानीय प्राकृतिक वातावरण में जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है और छात्रों को पर्यावरण और उनके भविष्य निर्माण में एक सक्रिय भूमिका अदा करने में सहयोग प्रदान करता है।

## सामुदायिक सहभागिता

स्कूली परिसर को और अधिक हरा भरा बनाने की दिशा में उसे डिजाइन करने और उसके उपयोग के दौरान व्यापक समुदाय को शामिल किया जा सकता है, जिससे समुदाय को खेलने और स्थानीय संस्कृति से जुड़ने और उसे प्रतिबिंबित करने के लिए एक जगह प्रदान किया जा सकता है।

- स्कूली मैदान के डिज़ाइन कार्य को शामिल करने से उसके स्वामित्व और सशक्तिकरण की भावना पैदा होती है और अपनेपन की भावना महसूस होता है। स्कूली मैदान स्थानीय संसाधनों को एकीकृत कर सकता है, वर्तमान और भविष्य के समुदायों का प्रतिनिधित्व कर सकता है और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा दे सकता है।
- इस योजना में बच्चों और युवाओं को शामिल करने से ऐसे स्थान बनते हैं जहाँ उन्हें अपनी जरूरतों और रुचियों को दर्शाने में मौके प्राप्त होते हैं और बच्चों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अनुरूप अपने जीवन पर निर्भर रहने की भावना प्रदान करता है।
- प्रकृति एक तटस्थ स्थान प्रदान करती है, जो सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि, जाति, आयु, विभिन्न क्षमताओं से परे सभी को एक समान स्थान प्रदान करती है।
- गुणवत्ता आधारित सामुदायिक स्थान के लिए साझेदारी जिम्मेदारी की आवश्यकता होती है और उसे प्रोत्साहित करता है और समुदायों को उसे दृढ़ता के साथ विकसित करने का अवसर देता है।

## स्वास्थ्य

स्कूली परिसर को और अधिक हरा भरा बनाने और बाह्य शैक्षणिक क्रियाकलापों को बढ़ावा देने पर सभी आयु समूहों में मानसिक, शारीरिक, पौषणिक और भावनात्मक स्वास्थ्य की वृद्धि में सहायता प्रदान करते मिलती है।

- विविध तत्वों के साथ हरित स्कूली मैदान अधिक समावेशी हैं और बच्चों और युवाओं की आवश्यकताओं, तंत्रिका विविधता और शारीरिक रूप से सहायक हैं।
- प्रकृति आधारित बाह्य वातावरण तनाव को कम और विश्राम समय में वृद्धि कर सकता है।
- हरित स्कूली मैदान दीर्घकालिक स्वास्थ्य को बढ़ाते हुए, बेहतर सामाजिक भावनात्मक परिणामों की ओर अग्रसर होने में मदद करता है।
- बाह्य खेल कूद बच्चों और युवाओं को उत्कृष्ट और सकल कौशल विकसित करने में मदद करता है।

"रॉबर्ट वुड जॉनसन फाउंडेशन अनुदान ने ग्रीनिंग स्कूल ग्राउंड्स और आउटडोर लर्निंग पर वैश्विक पाठों का समर्थन किया। यहां व्यक्त किए गए विचार जरूरी नहीं कि फाउंडेशन के विचारों को प्रतिबिंबित करते हों।"

Children & Nature Network | SALZBURG GLOBAL SEMINAR | International School Grounds Alliance | IUCN CEC | #NATURE FOR ALL | NLC NATIONAL LEAGUE OF CITIES — CITIES STRONG TOGETHER